# पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की मांग, कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया

चूरू (निसं)। पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर मंगलवार को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन ने डीबी अस्पताल के सामने स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कार्यालय के आगे जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

यूएफबीयू के क्षेत्रीय संयोजक जयंत परिहार ने बताया कि संगठन ने पिछले दस वर्ष पूर्व भारतीय बैंक संघ के सामने पांच दिन का सप्ताह करने की मांग रखी थी, परंतु उसे आज तक पूरा नहीं किया गया। एआईबीओसी के क्षेत्रीय संयोजक राजेश धूत ने बताया कि यदि मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो जनवरी के अंतिम सप्ताह में देशव्यापी हड़ताल की जायेगी।

इस अवसर पर क्षेत्रीय संयोजक सुनील बुरडक, पंकज वर्मा, मुकेश परिहार, पंकज भार्गव, श्रीकांत, गोविन्द पांडिया, सकिल, नरेश कुमार, अमित शुक्ला, राजकुमार इन्दोरिया, निरज कुमार, मनोज सोनी, अनिरूद्ध शर्मा, पंकज शर्मा, मुकेश जांगिड़, अभिषेक सोनी, संदीप पुनियां, अभिलाषा जोशी, मेहराज, अन्नू, ममता चौधरी, पवन कालेर, जयकिशन मीणा सहित बड़ी संख्या में युनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे।




पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कार्यालय के आगे जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

## सार-समाचार

### अटल स्मृद्धि सप्ताह समारोह आयोजित

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के चौधरी गेस्ट हाउस में मुख्य वक्ता चंद्राराम गुरी के मुख्यतिथ्य व शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को विधानसभा स्तरीय श्रद्धेय अटल समृद्धि सप्ताह समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवनी और राजनीति के अनूठे इतिहास को स्मरण किया कार्यक्रम में विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर के बच्चों ने अटल बिहारी वाजपेयी पर निबंध प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को संगठन द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस मोके पर विधानसभा संयोजक अजीत सिंह राठौड़, जमरदीन तेली, कैलाश कंदोई, सुनील भाकर, रणजीत राठौड़, विशाल शर्मा, राकेश टाक, रामवतार सैनी, माणकचंद सैनी, मोहम्मद फारूक, मदन गुरी, राकेश शर्मा, विजय सोनी, पार्षद हरि इंदौरिया, गुमान सैनी, हेमन्त व्यास, सेठी पेंटर, लिलाधर बागोरिया, पप्पू सोनी, रामचन्द्र प्रजापत, च्यानण शर्मा, अशोक जांगिड, कमांडो चुन्नीलाल सैनी, भगवती प्रसाद शर्मा, भंवरलाल पुनीया, राजेन्द्र जोईया ,जे के दायमा, चिरंजीलाल शर्मा, एडवोकेट रविकांत खण्डेलवाल, रमेश राहड, सुदर्शन सबलानिया, दीपक पासवान ,ख्याली प्रजापत, नंदू पटीर, मदन जोशी सहित पार्टी के विधानसभा स्तरीय जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

### चंद्रनाथ महाराज को श्रद्धांजलि दी

**झुंझुनूं**, (निसं)। चंद्रनाथ आश्रम बगड़ के महंत चंद्रनाथ महाराज के समाधिस्त होने के उपलक्ष्य में झुंझुनू के सर्व समाज ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। श्रद्धांजलि सभा के संयोजक महेश जीनगर व उमाशंकर महमिया ने बताया कि बगड रोड स्थित चंचलनाथ टीला पर ओमनाथ महाराज के सानिध्य एव पूर्व विधायक डॉ. मूलसिंह शेखावत, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा की अगुवाई में सर्वसमाज ने रामधुन सहित गुरु महिमा भजनों की रसगंगा के साथ चंद्रनाथ महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. मूलसिंह शेखावत, बनवारीलाल सैनी ने अपने उद्बोधन से चंद्रनाथ महाराज को श्रद्धांजलि दी और उनके महान व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए इसे जिले में एक बडी क्षति बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे महान संत बिरले ही जन्म लेते हैं। इस अवसर पर राजेश बजाड़, रवि लांबा, विनोद गरवा, सुभाष डिग्रवाल, लीलाधर धवल, राजेंद्र सैनी, पार्षद विजय कुमार सैनी, ताराचंद सैनी, महावीर सैनी, शीशपाल सैनी, जयराम जांगिड़, विनोद जांगिड़, सत्यवीर जांगिड, राजेंद्र गोयन इस्लामपुर, अर्जुन वर्मा, रामनिवास सैनी, दीपक स्वामी, गोपीराम पुरोहित सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### सिक्किम के राज्यपाल माथुर का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

**सीकर**, (निसं)। सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर का मंगलवार को सीकर आगमन पर जिलाध्यक्ष मनोज बाटड के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा व जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने पदाधिकारियों के साथ जयपुर बाईपास स्थित भाजपा कार्यालय के पास सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर का राजस्थानी पारंपरिक संस्कृति से फूलों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, जिलाध्यक्ष मनोज बाटड, रामेश्वर रणवां, किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष हरिराम रणवां, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, तेजप्रकाश सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, राजेश रोलन, नेमीचंद कुमावत, करण सिंह, रमेश जलधारी, जितेंद्र सिंह कारंगा, भजनलाल टेलर, सुरेश कटारिया, दिनेश धाबाई, डॉ. बलवंत सिंह चिराणा, अनिता शर्मा, नीलम मिश्रा, सुल्तान सिंह खीचड, अशोक चौधरी, इंद्र शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, कविता चौधरी, अनुराधा, गोकुल प्रसाद माथुर आदि मौजूद रहे।

### चिकित्सा शिविर लगाया

**चिड़ावा**, (निसं)। स्व. हजारीलाल सोलंकी पुत्र स्व. मोहनलाल सोलंकी की स्मृति में परमहंस पंडित गणेश नारायण बावलिया बाबा के निर्वाणोत्सव के अवसर पर विपश्यना होम्योपैथिक जयपुर द्वारा तृतीय निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 645 मरिजों ने अपनी बीमारियों के लिए चिकित्सकों से परामर्श तथा आवश्यक दवाइयां लेकर चिकित्सा शिविर में लाभ लिया। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ चेयरमैन सुमित्रा सैनी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में बाबूलाल सोलंकी पार्षद, जगदीश प्रसाद पार्षद, तेजप्रकाश सोनी, संदीप सोलंकी, संदीप कुमार, धर्मवीर चावला आदि भी मौजूद रहे। शिविर में डॉ. मुकेश सोलंकी, डॉ. चित्रलेखा तिवाड़ी, डॉ. कुलदीप भालोठिया, डॉ. गिरधारी टेलर, डॉ. विनोद मौर्य, डॉ. सुनिता, डॉ. कमलेश सैनी, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. सरोज मीना, डॉ. खुशी पाल सहित शिविर संयोजक वीरेंद्र सोलंकी एवं विनोद सोलंकी ने अपनी सेवाएं दी।

### चौमाल का विप्र फाउंडेशन ने सम्मान किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। जिले के मलसीसर कस्बा स्थित ब्रह्म परिषद में ब्राह्मण समाज अध्यक्ष डॉ. भवानीशंकर जोशी की अध्यक्षता में विप्र फाउंडेशन जिला इकाई द्वारा जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा की अगवाई में विप्र फाउंडेशन संरक्षक चिरंजीलाल चौमाल का समाज के प्रति उनकी निष्ठा एवं सेवा को लेकर अभिनंदन किया गया। जिला संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि चिरंजीलाल चौमाल की ब्राह्मण समाज के प्रति 35 वर्षों से सक्रियता के साथ अनुक्रणीय कार्यों के लिए उनका माला, दुपट्टा, साफा पहनाकर व अभिनंदन पत्र देकर स्वागत सम्मान कर अभिनंदन किया गया। अभिनंदन पत्र का वाचन विप्र फाउंडेशन जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया ने किया। इस अवसर पर जिला संरक्षक सुशील कुमार जोशी एडवोकेट, महामंत्री वशिष्ठ कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सांवरमल पाराशर, मंत्री रमेश चौमाल, पवन चौमाल, परमेश्वर जाखोडिया, नवीन लाटा, अरुण कौशिक आदि समाज के लोगों द्वारा किया गया।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर दो को

**शिमला**, (निसं)। साहित्यकार स्व. टीसी प्रकाश की जयंती पर खेल मैदान बस स्टैंड शिमला में नारनौल निजी अस्पताल के सौजन्य से शुक्रवार दो जनवरी को सुबह 10 बजे से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन टीसी प्रकाश स्मृति सम्मान समारोह समिति के सहयोग से किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रामानंद शर्मा ने बताया कि शिविर में डॉ. जितेंद्र यादव आर्थोपेडिक हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. निशा ऑब्स्टे ट्रिक्स और गायनेकोलॉजी प्रसूति और स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. सरिता यादव ऑप्थाल्मोलॉजी नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. मयक जनरल मेडिसिन सामान्य चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे। इस शिविर में कमर दर्द, कंधे का दर्द के मरीजों की जांच भी की जाएगी। शिविर में हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर की जांच निःशुल्क की जाएगी। शिविर में दवाइयां भी निःशुल्क प्रदान की जाएगी।

### छावनी बाजार में आज मासिक अवकाश रहेगा

**झुंझुनूं**, (निसं)। श्री गल्ला व्यापार संघ झुंझुनू के निर्णय अनुसार मासिक अवकाश के संदर्भ में महीने के आखिरी दिवस पर 31 दिसंबर को बाजार बंद रहेगा। जानकारी देते हुए गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष आनंद टीबड़ा एवं सचिव विपिन राणासरिया ने बताया कि पिछले काफी समय से छावनी बाजार के व्यापारी मासिक अवकाश के अंतर्गत महीने के अंतिम दिवस पर बाजार बंद करते आ रहे हैं। इसी क्रम में 31 दिसंबर को छावनी बाजार बंद रखने का निर्णय रखा गया है। बुधवार को महीने के अंतिम दिवस 31 दिसंबर को जोशियों की कुटिया से लेकर छावनी बाजार एवं गोल मंडी बालाजी तक जो भी खुदरा एवं थोक की दुकान है पूर्णतया बंद रहेगी।

### विद्युतकर्मियों का धरना प्रदर्शन आज

**झुंझुनूं**, (निसं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ जिला झुंझुनूं द्वारा निगम में ठेका प्रथा के चलते व्याप्त भ्रष्टाचार तथा विद्युत कर्मियों की जायज मांगों की अनदेखी को लेकर में बुधवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर पर विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि निगम जिला प्रशासन से कर्मचारियों की जायज मांगों को लेकर बार-बार मांग की जाती रही है। किंतु निगम प्रशासन द्वारा लगातार अनदेखी की गई है। जिससे क्षुब्ध होकर श्रमिक संघ बुधवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर पर विशाल धरना प्रदर्शन करेगा। जिसमें सभी उपखंड ईकाइयों से विशाल संख्या में कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे।

# 'उड़ान 2025' में बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां दी

**पाटन** (निसं)। सरस्वती स्कूल पाटन में वार्षिक समारोह 'उड़ान 2025' अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। रंगारंग कार्यक्रमों से सजे इस समारोह में विद्यार्थियों की प्रतिभा,आत्मविश्वास और रचनात्मकता देखने को मिली, जिसे देखकर उपस्थित अभिभावक और अतिथि मंत्रमुग्ध हो गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन बुधराम सैनी, सरपंच मनोज चौधरी, पूर्व सरपंच केदार सैनी, मदन मीणा प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय पाटन तथा मुख्य अतिथि राधेश्याम योगी पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।इसके पश्चात नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'रामायण' नृत्य ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक भावनाओं से भर दिया। वहीं छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत जंगल थीम नृत्य और मनोहारी स्वागत नृत्य ने दर्शकों का दिल जीत लिया।मुख्य अतिथि राधेश्याम योगी ने उद्घाटन संदेश में कहा कि बच्चों के सपनों को सही दिशा देना ही शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है।

उन्होंने विद्यालय द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम में 'मिशन मंगल', भगत सिंह, स्कूल लाइफ, गुरु की महिमा, राजस्थानी गीत, हरियाणवी गीत तथा 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया। साथ ही विद्यालय की उपलब्धियों से सजी वार्षिक रिपोर्ट ने स्कूल की प्रगति को दर्शाया।अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि सरस्वती स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों ने जिस आत्मविश्वास और प्रतिभा के साथ मंच पर प्रस्तुति दी, वह विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षिणक एवं सांस्कृतिक परंपरा का प्रमाण है। वहीं विद्यालय के निदेशक इंजीनियर भवानी सैनी ने बताया कि बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर समारोह को यादगार बना दिया। समारोह के अंत में 'ऑपरेशन सिंदूर' प्रस्तुति ने दर्शकों को विशेष रूप से मंत्रमुग्ध कर दिया। संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षिणक परंपरा, बच्चों की रचनात्मकता और उनके सपनों को पंख देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।अंत में निदेशक इंजीनियर भवानी सैनी ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# सालासर में साइबर फ्रॉड : होटल बुकिंग के नाम पर यात्रियों से कर रहे ऑनलाइन ठगी

- अब तक दो करोड़ से अधिक रुपए विभिन्न होटल, धर्मशालाओं के नाम पर ठगे

**सुजानगढ़** (कासं)। धार्मिक नगरी सालासर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ अब तक करोड़ों रुपए का साइबर फ्रॉड हो चुका है।

ये फ्रॉड ऑनलाइन होटल बुकिंग के नाम से किया जा रहा है। साइबर फ्रॉड करने वाले ठग सालासर की एक दर्जन से अधिक होटल, धर्मशालाओं की फर्जी वेबसाइड बनाकर करोड़ों रुपए एंठ चुके हैं।

इस संदर्भ में सालासर थाने में होटल सृजन के मैनेजर द्वारा सालासर थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया जा चुका है। लेकिन मुकदमा दर्ज होने के बाद भी सालासर पुलिस के हाथ अभी तक खाली है। सृजन होटल के मैनेजर कमल अग्रवाल ने बताया कि घटना को लेकर डीजीपी को भी अवगत करा चुके है। लेकिन पुलिस ठगो तक नहीं पहुंच पाई है।

**सृजन सेवा ट्रस्ट में होटल बुकिंग के नाम पर ऐंठे करोड़ों रुपए:-** कमल अग्रवाल ने बताया कि 27 नवंबर को मैनेजर आदित्य शर्मा ने थाने में रिपोर्ट देकर ठगी का मामला दर्ज कराया था। जिसमें पुलिस को बताया गया कि सृजन सेवा सदन सहित अन्य दो, तीन नामों से ठगो के द्वारा फर्जी वेबसाइट बना ली गई। इसके पश्चात कई यूपीआई आईडी में पैसे बुकिंग के नाम पर यात्रियों से डलवा चुके है। यात्री अमित कंदोई से 4 हजार 400 रुपए, अंकुश पनपेजा से 3 हजार 400 रूपये, सिद्धार्थ जैन से 7 हजार 480 रुपए, निखिल महाजन से 7 हजार रुपए ऑनलाइन फ्रॉड करके ऐंठ लिए गए।

**ऐसे हुआ खुलासा:-** होटल के मैनेजर कमल अग्रवाल ने बताया कि जब श्रद्धालु ऑनलाइन होटल बुक करके सालासर पहुंचे तो घटना का खुलासा हुआ। होटल काउंटर पर बुकिंग की जानकारी श्रद्धालुओं द्वारा दी गई तो मामले का खुलासा हुआ।

# 'नया संकल्प नया जीवन' विषय पर व्याख्यान आयोजित

- 'आज मोबाइल के नशे से बच्चों में शारीरिक एवं मानसिक बीमारियां बढ़ती जा रही हैं'
- 'बच्चों को मोबाइल से दूर रखें और उन्हें संस्कारित बनाएं'

**सादुलपुर**, (निसं)। ग्राम सुलखानिया बडा में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सादुलपुर सेवा केंद्र की ओर से नव वर्ष 2026 के पूर्व दिवस पर नया संकल्प नया जीवन विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शोभा बहन थी ठाकुर जी के मंदिर प्रांगण में हुए इस कार्यक्रम का आयोजन ग्राम सुलखानिया निवासियों द्वारा एवं मंड्रेला से डॉ. धर्मवीर शर्मा एवं शारदा शर्मा के सहयोग से आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डॉक्टर धर्मवीर एवं मंड्रेला निवासी ब्रह्मकुमारी बहनों भाई बहनों ने बढ-चढ कर के भाग लिया। राजयोगिनी बीके शोभा बहन ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी नव वर्ष पर स्व परिवर्तन का विशेष संकल्प ले। और स्व परिवर्तन दृढता के साथ करें। परिवार वाले बच्चों को मोबाइल से दूर रखें और उन्हें संस्कारित बनाएं।

आज मोबाइल के नशे से बच्चों में शारीरिक एवं मानसिक बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। भारतवर्ष में अब ऐसी बीमारी होने के कारण बच्चों को अस्पताल ले जाना पड रहा है। एडवोकेट बृजमोहन शर्मा एवं डॉ. धर्मवीर ने भी अपने विचार व्यक्त किया। एडवोकेट सुरेंद्र जांगिड शारदाबहन व डॉक्टर रफीक ने गीतों की प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम में बीके पूनम, सरोज शर्मा, मधु बहन, डॉ. रफीक, रतन, महेंद्र एवं बड़ी संख्या में माता-बहने एवं बच्चे मौजूद थे। तथा शोभा बहन ने मंदिर पुजारी को एवं भार्गव जी को शॉल ओढाकर कर सम्मानित किया। अंत में सभी उपस्थित भाई-बहनों बच्चों को झोलिया भर-भर कर प्रसाद दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य अनिल शास्त्री ने किया।

# खेलो इंडिया अस्मिता किक बॉक्सिंग में जीते पदक

**झुंझुनूं**, (निसं)। खेलो इंडिया के तहत इंदौर में आयोजित अस्मिता वेस्टजोन किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और राज्य का नाम रोशन किया है।

संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्कूल की पांच छात्राओं का चयन अब राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप के लिए हुआ है। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एसएआई) और खेल मंत्रालय के निर्देशन में इंदौर पब्लिक स्कूल में आयोजित इस चार दिवसीय (25-28 दिसंबर) प्रतियोगिता में राजस्थान की बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

इस अवसर पर प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने विजेता बच्चों को बधाई दी व कहा कि इन बेटियों की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है। अब हमारा लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण जीतना है। तनु कुमारी नेहरा 60 किलो भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता और आठ हजार रूपए की नकद पुरस्कार राशि प्राप्त की।

दीपिका ने 52 किलो भारवर्ग में कांस्य पदक जीता और चार हजार रूपए का नकद पुरस्कार प्राप्त किया। खुशी ने 37 किलो भार वर्ग में, नाईशा और आराध्या 46 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक और चार हजार रूपए नकद पुरस्कार जीते। इस वेस्टजोन प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएसपी विनोद बाघेल और वाको इंडिया के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने विजेता खिलाड़ियों को मैडल और ईनामी राशि के चेक सौंपकर सम्मानित किया।

वेस्ट जोन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली इन पांचों छात्राओं का चयन अब राष्ट्रीय खेलो इंडिया चैंपियनशिप के लिए हुआ है। जिसका आयोजन आगामी मार्च माह में तमिलनाडू में किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा इस प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के लिए 11 लाख रूपए की राशि आवंटित की गई है। इस अवसर पर संस्थान एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. अनिता पंत शर्मा, महेंद्र सैनी, कोच संदीप कुमार योगी व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## दुग्ध महोत्सव आज

**चिड़ावा**, (निसं)। पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव और नववर्ष के नाम पर फैल रही नशे की कुरीति को रोकने के लिए लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट इस बार भी अनूठी पहल करने जा रहा है। ट्रस्ट की ओर से 31 दिसंबर को दुग्ध महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को शराब के नशे से दूर कर स्वस्थ जीवन शैली की ओर मोड़ना है। ट्रस्ट द्वारा पिछले पांच वर्षों से लगातार यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के जरिए दूध से रिश्ता जोडो और शराब से नाता तोड़ो का सामाजिक संदेश दिया जाता है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि अक्सर देखा जाता है कि नववर्ष के स्वागत में युवा लेट नाइट क्लबों और शराब पार्टियों का सहारा लेते हैं, जो न केवल स्वास्थ्य बल्कि समाज के लिए भी हानिकारक है। इसी के विकल्प में धार्मिक और सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए यह दुग्ध वितरण कार्यक्रम आयोजित होता है।

# दिन में बिजली आपूर्ति की मांग, किसानों ने ज्ञापन किया

**पाटन** (निसं)। क्षेत्र के किसानों को रात्रि के बजाय दिन में विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन एवं किसान महापंचायत के अध्यक्ष कमल सैनी (डाबला) के नेतृत्व में सहायक अभियंता विद्युत विभाग, पाटन को ज्ञापन सौंपा गया। किसानों ने स्पष्ट रूप से मांग रखी कि खेती-किसानी के कार्यों को सुचारू रखने के लिए दिन में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।इस अवसर पर किसान ब्लॉक पाटन के अध्यक्ष कमल सैनी, पूर्व प्रधान कांता प्रसाद शर्मा, मालाराम वर्मा, श्रीराम यादव, दिनेश यादव, महेंद्र गुर्जर, सुरेश यादव, अखिलेश सैनी, अशोक तोला, राजू खान, बलराम, सुरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र कौशिक, बलबीर सैनी, रामकिशन सैनी, गोपाल राम, भैरू राम गुर्जर, नवाब खान, नज्जू खान सहित सैकडों किसान मौजूद रहे। इसके साथ ही किसानों द्वारा एक पृथक ज्ञापन तहसीलदार को भी सौंपा गया। तहसीलदार ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।किसानों ने प्रशासन से उम्मीद जताई कि जल्द ही ठोस कार्रवाई करते हुए दिन में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी। किसानों ने प्रशासन को तीन दिन का समय दिया है और चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन में सुचारू व्यवस्था नहीं की गई तो किसान धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# राजलदेसर में अभिनंदन समारोह आयोजित

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर युवक संघ के अध्यक्ष एवं राजलदेसर कस्बे की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए भामाशाह प्रदीप कुंडलिया एवं एलीट मिस राजस्थान में 2 रनर अप रही पारुल का अभिनंदन समारोह का आयोजन कस्बे की श्री राजलदेसर गौशाला में बाजोरिया सत्संग हॉल में आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार हरदीप सिंह कार्यक्रम के अध्यक्ष भीकमचंद सुथार, नाथनगर गौशाला के मंत्री गोरखाराम पांडे, महिला कार्य समिति के अध्यक्ष पुष्पा शर्मा, समाजसेवी प्रकाश कुंडलिया के सान्निध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार हरदीप सिंह ने कहा कि कर्म भूमि से मातृभूमि की ओर जो भामाशाह अपनी कर्म भूमि पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्र में कार्य करवाते हैं उनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है । उन्होंने कहा गौ सेवा सर्वश्रेष्ठ सेवा है सभी को गौशाला में आकर गौ माता की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम में अध्यक्ष भीकमचंद सुथार ने प्रदीप कुंडलिया के बारे में करवाए गए विकास कार्यों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर भामाशाह प्रदीप कुंडलिया ने कहा जिस माटी के अंदर खेल कूदकर उच्च शिक्षा ग्रहण करके अपना व्यवसाय में मैं कृतिमान स्थापित किया है यह सब मेरे लिए कोई बड़ा अवसर नहीं है आप जैसा ही प्रदीप है साधारण कार्यकर्ता की तरह मैं राजलदेसर की हर समाज की संस्थाओं के माध्यम से जुडा रहूंगा एवं कस्बे के अंदर कोई भी व्यक्ति बिना छत के ना रहे कोई भूखा ना सोए इसके लिए हम सभी तन मन धन से हमेशा तैयार रहेंगे।

आप लोगों ने जो मान सम्मान दिया उसके लिए मेरे कोई शब्द नहीं है कार्यक्रम में गौशाला के मंत्री ललित दाधीच ने गौशाला की विभिन्न गतिविधियों के बारे में प्रकाश डाला एवं प्रदीप कुंडलिया के द्वारा कस्बे में लगातार सामाजिक क्षेत्र में जो कार्य करवाए हैं इसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है।

इस अवसर पर श्री नाथ नगर गौशाला के कार्यकारी अध्यक्ष पवन झेडू ने कहा प्रदीप कुंडलिया ऐसे व्यक्ति है चाहे राजलदेसर में रहे चाहे कोलकाता में हमेशा गांव के लिए तत्पर तैयार रहते हैं इस अवसर पर पारुल झेडू ने कहा आप लोगों ने मेरे को जो मान सम्मान दिया है इसके लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है क्योंकि मेरी कर्म भूमि राजलदेसर है जन्म भूमि गोगासर हैं इस भूमि पर सर्वप्रथम मैं प्रस्तुति दी जो गौ माता के आशीर्वाद से आज इस मुकाम पर मैं पहुंची हूं। इन संस्थाओं के द्वारा किया गया।

प्रदीप कुंडलिया, पारुल झेडू का सम्मान श्री राजलदेसर गौशाला, महिला कार्य समिति, राजलदेसर, श्री नाथ नगर गौशाला, व्यापार मंडल, गोगा कमेटी, पत्रकार संघ, युवा विकास समिति, नामदेव समाज , तेरापंथ युवक परिषद, बाबा रामदेव सेवा समिति बीनादेसर, श्री हनुमान सेवा समिति आदि के द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मनोज मारू, सत्यनारायण पुरोहित पूनम चंद गर्ग, रतनलाल बारूपाल, गोविंद झेडू, प्रकाश कुंडलिया आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष विष्णु स्वामी , प्रदीप पाण्डिया, रमेश सारस्वत, विनोद पारीक, पवन बोथरा, नंदकिशोर पाण्डिया, मुकेश श्रीमाल, परमेश्वर फोगला,हनुमान सोनी, अजीत सुथार, मनोज प्रजापत, बृजेश दाधीच, महावीर पारीक, नारायण फोगला, सीताराम गर्ग, श्रवण सैनी, लालचंद पांडे, राजेश पांडे, गिरवर सिंह, कैलाश सोनी, श्याम झेडू, शेखर झेडू, रोहित सैन, विक्की मारू , प्रमोद मारू, दीपक मारू, मनोज सोनी , कपिल डिडवानिया , पवन शर्मा , करुण पारीक, अमरचंद झेडू , विक्रम शर्मा , ओम पांडे, कालूराम जाट सहित अनेकों संख्या में व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का तोदी महाविद्यालय में शुभारंभ

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में लक्ष्मणगढ थानाधिकारी राजाराम , महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत,सचिव आशकरण शर्मा,कार्यक्रम अधिकारी डॉ आनंद शर्मा व घनश्याम वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की गई।इस दौरान स्वयंसेविका दिव्या व्यास ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण व स्वागत गीत से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ आनंद शर्मा द्वारा सात दिवस की रुपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजाराम ने स्वंयसेवको के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए एनएसएस के ध्येय वाक्य स्वयं से पहले आप के महत्व को समझाते हुए नशे तथा सोशल मीडिया से दूरी बनाकर जीवन को जीवन्तता से जीने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही स्वंयसेवको द्वारा पूछे गये कानून के विभिन्न विषयों पर वार्ता की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत ने विद्यार्थियों को अनुशासन व पूर्ण मनोयोग से शिविर के सभी सत्रो जैसे श्रमदान, योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्याख्यान माला, प्रतियोगिताओं से सीखने तथा जीवन में उतारकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका अदा करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान ऋषि, दिव्या, रश्मि व अन्य विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सचिव आशकरण शर्मा ने भी स्वंयसेवको को सात दिवसीय विशेष शिविर में आयोजित होने वाले विभिन्न सत्रो से कौशल सीखकर जीवन को उन्नत बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में घनश्याम वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत ने धरना दिया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत से जुड़े विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने शहीद स्मारक जयपुर में सोमवार को एक दिवसीय धरना दिया।जिसमें राजस्थान के सभी जिलों से कर्मचारियों ने लम्बे समय से लंबित विभिन्न 15 सूत्री मांगों पर मंथन कर मुख्यमंत्री के नाम मुख्य सचिव को ज्ञापन सौपा। महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश बाटड ने बताया कि मुख्य सचिव ने आश्वासन दिया कि बजट पूर्व 7 दिवस के भीतर वार्ता आयोजित कर 6 वें,7 वें वेतन आयोग की विसंगति दूर करने, अस्थाई कर्मचारियों का स्थाईकरण व स्थाईकरण करने तक आरएसएलडीसी में समायोजित करने, समय बद्ध पदोन्नित करवाना, नर्सिंग कर्मियों को नॉन प्रैक्टिस अलाउन्स देने सहित तमाम महत्वपूर्ण मांगो का समाधान कर दिया जायेगा  एक दिवसीय धरने में सीकर से भगवाना राम राड, गोरधन सिंह ख्यालिया , जोगेंद्र सिंह रणवा, महावीर पूनिया, ओमपाल सिंह, विनीत जांगिड़,श्योदान सिंह, मनमोहन सिंह,रामचंद्र खीचड़,गोपाल रुलानिया, भंवर सिंह,महेन्द्र भगत, वीरेंद्र, रामकुआर ढाका, मोती राम, लोकेश आर्य,संदीप,संपत्ति, बबीता, उषा, कौशल्या, संतरा हरलाल महरिया, राकेश मातवा, मनोज दाधीच, मुकेश टेलर, शुभकरण ढाका सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बच्चों को स्टेशनरी भेंट कर पुण्यतिथि मनाई

**सादुलपुर** (निसं)। गाँव भिरानी के सचखण्डवासी बीरबल जलन्धरा (अध्यापक) की द्वितीय पुण्यतिथि व उनके पिता सचखण्डवासी रामेश्वर लाल जलन्धरा की प्रथम पुण्यतिथि पर शौक मयी नामचर्चा गांव भिरानी में सम्पन्न हुई। जिसमें परिजनों द्वारा राउमावि भिरानी के आर्थिक रूप से कमजोर व व जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता स्वरूप पाठ्य सामग्री वितरित की। मंगलवार शाम पांच बजे मिली जानकारी के अनुसार इस मौके पर ब्लॉक महराणा की साध संगत, राजस्थान के सच्चे नम्र सेवादार प्रहलाद इन्सां, मंगलाराम इन्सां व बलराम इन्सां, ब्लॉक प्रेमी सेवक राकेश इन्सां व एमएसजी आईटी विंग के सेवादार भाइयों ने शिरकत की। इस अवसर परिवार द्वारा पूज्य गुरूजी द्वारा चलाए गए 170 मानवता भलाई कार्यों में से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की सहायता करना, पूज्य गुरुजी की शिक्षा पर चलते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भिरानी के जरूरतमन्द बच्चों को कॉपी, पेंसिल, कटर-रबर आदि भेंट किये। वहीं परिवारजन माता रामी देवी इन्सां, पत्नी शकुन्तला इन्सां, बहन रामप्यारी इन्सां व कमलेश इन्सां, पुत्री अंकिता इन्सां व हेमलता इन्सां ने आई हुई सारी साध-संगत का आभार व्यक्त किया।

### माधव सागर बड़ा तालाब पर श्रमदान किया

**सीकर** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड एवं नगर परिषद सीकर के तत्वावधान में ऐतिहासिक माधव सागर बड़ा तालाब सांवली रोड सीकर पर श्रमदान का कार्यक्रम बसंत कुमार लाटा सीओ स्काउट का एवं लक्ष्मण राम स्वास्थ्य निरीक्षक नगर परिषद सीकर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देवीलाल जाट सचिव स्थानीय संघ सीकर ,मोहनलाल सुखाडिया रोवर लीडर ,मरुधर ओपन रोवर क्रू जिला मुख्यालय सीकर सीनियर रोवर लखन बावरिया, रेंजर मोनिका जांगिड़ तोदी महाविद्यालय लक्ष्मणगढ़, सुशील कुमार कुमावत कब मास्टर विवेकानंद स्कूल डांसरोली के साथ मरुधर ओपन रोवर कू जिला मुख्यालय सीकर, खाटू नरेश ओपन रोवर क्रू सीकर के रोवर्स, नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने भाग लेकर श्रमदान किया और मूर्तियों के अवशेष पॉलिथीन, कागज कचरा, मिट्टी ,तालाब से निकली गई। इस अवसर पर स्काउट गाइडसदस्यों ने जनसाधारण से अपील की कि सीकर के पर्यटन की दृष्टि से यह तालाब बहुत ही मुख्य जगह पर स्थित है और ऐतिहासिक भी है इसलिए इसको कचरा डाल करके गंदा नहीं करें, किसी प्रकार की सामग्री विसर्जन नहीं करें।

### तिजारा विधायक का स्वागत

**चिड़ावा**, (निसं)। राजस्थान के तिजारा से वर्तमान विधायक एवं पूर्व अलवर सांसद महंत बाबा बालकनाथ का चिड़ावा में जोरदार और भव्य स्वागत किया गया। भाजपा के युवा नेता सुरेश भूकर ने रोहतक से साथ आए योगेंद्र नाथ तथा बाबा बालकनाथ का सूरजगढ़ बाईपास तिराहे स्थित अपने निज निवास पर पारंपरिक तरीके से स्वागत-अभिनंदन किया। इस अवसर पर युवा उद्यमी दिनेश दाधीच, सरपंच प्रतिनिधि अनूप नेहरा, अमित गोयल, सुनिल भूकर, निक सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। स्वागत कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें कार्यकर्ताओं ने बाबा बालकनाथ का हार्दिक अभिनंदन किया।